प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

सम्मेलन

शिमला के पीटर हॉफ में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के समापन अवसर पर आज शाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर विशेष अतिथि के रूप मौजूद रहेंगे। कल से शुरू हुए राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में पारंपरिक संस्थाओं और आधुनिक तकनीकी समाधानों के बीच नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मेलन में कृषि, डेयरी, ग्रामीण विकास, सहकारी बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रतिनिधि एक ही मंच पर जुटे हैं।

हिन्दी दिवस

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज, हिंदी दुनिया की सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के गांधीनगर में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हिन्दी देश की संस्कृति और परम्पराओं में वैश्विक रूचि बढ़ाने का महत्वपूर्ण पहलू है।

केन्द्रीय मंत्री दौरा

सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा आज कुल्लू व मनाली विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर प्रभावितों से मिलेंगे। देर शाम वे कुल्लू में एन एच ए आई व् अन्य संबधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य में हो रही भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, चम्बा, शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी बारिश के कारण पौंग बाध का जलस्तर फिर से बढ़ गया है। अधिक जानकारी के साथ शिमला से हमारे संवाददाता

*हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने से तबाही जारी है कांगड़ा बिलासपुर हमीरपुर चंबा और मंडी समिति कई जिलों में नुकसान हुआ है बिलासपुर के उत्तराखंड गांव में बादल फटने से मल्लबाग घरों और खेतों में जाग घुसा मंडी के धर्मपुर में पहाड़ी दरकनी से 39 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा है कल्लू की व्यास नदी में भी एक व्यक्ति बह गया है जबकि भारी बारिश के कारण बंद का जलस्तर फिर से बढ़ गया है 4467 करोड़ रुपए का नुकसान अभी तक आंका गया है* आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा

राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भू–स्खलन के कारण राज्य में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 3 सौ 94 लोगों की मृत्यु हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के सात जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

उधर भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ की वजह से चम्बा जिले में कई जगहों पर खेतों की उपजाऊ मिट्टी बह गई है। बड़ी संख्या में खड़ी फसलें भी पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। कृषि उपनिदेशक चंबा भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में कृषि विभाग को लगभग 19 करोड़ रुपए का भारी नुकसान झेलना पड़ा है। बाईट––– ''23''

*हालही में जो भारी बारिश हुई है इसमें हमारे चम्बा जिला जो फसलें किसानों ने लगाई है उसमें भारी नुकसान हुआ है खेत जो लैंड सलाईड की बजह से बह गए है या जो भारी बारिश के फसले जो खराब हुई है या सब्जियां जो खराब हुई है उसका हमने जो अनुमानित एस्टिमेंट जो हमने लगाया है वह 19 करोड़ का नुकसान है चम्बा में।*

––––––––––––––